



# भाजपा प्रत्याशी मनीष से काफी गरीब हैं कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल

## कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल एक करोड़ 88 लाख के संपत्ति के हैं मालिक



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा एक मई को नामांकन पत्र दाखिल किया है, इसके मुताबिक जयप्रकाश भाई पटेल करीब 1 करोड़ 88 लाख के चल अचल संपत्ति के मालिक हैं साथी उन्होंने शपथ पत्र में बताया है कि 50 ग्राम सोना जिसका मूल्य कीमत 3 लाख आता है वहीं उनकी धर्मपत्नी के पास 100 ग्राम सोना जिसका बाजार भाव करीब 6 लख रुपए आता है 1 किलो चांदी जिसका बाजार मूल्य 81000 आता है साथी उनके द्वारा बताया गया है कि बैंक में 822312 और वही उनकी धर्मपत्नी के पास 309889 जमा है। वही शपथ पत्र के अनुसार श्री पटेल के पास 5175000 मूल्य की जमीन है कृषि योग्य भूमि 7.75 एकड़ में है शपथ पत्र के मुताबिक श्री पटेल के पास 13574 नगद है जबकि उनकी धर्मपत्नी के पास 171410 रुपए है यानी दोनों दंपति के पास कुल मिलाकर 2 लाख 87164 नगद है। श्री पटेल के पास चार पहिया वाहन 3 है, वही काम सीटर वाली चार पहिया वाहन दो है इसके अलावा एक दो पहिया वाहन भी है। श्री पटेल की धर्मपत्नी के नाम पर माल वाहक चार पहिया दो है। वर्ष 2022 एवं 23 में आई की बात करें तो जीपी पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा कुल 2028830 रु आयकर रिटर्न में जमा किया गया है। जयप्रकाश भाई पटेल ने स्वयं 1364280 जमा किया है वहीं उनकी धर्मपत्नी 664550 रू का आयकर रिटर्न 5 वर्षों में जमा की है। साथ ही श्री पटेल ने बताया है कि राजनीति शास्त्र में बीए ऑनर्स की पढ़ाई हुई है उनके ऊपर कोई भी आपराधिक मुकदमा कहीं दर्ज नहीं है परिवार में दो बेटा एवं एक बेटी है और तीनों अभी छोटे है।

## भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनीष जायसवाल 29 करोड़ के हैं मालिक



भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग से लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 29 करोड़ के चल अचल संपत्ति के मालिक हैं उनकी पत्नी निशा जयसवाल 7 करोड़ की मालकिन है निर्वाचन विभाग में दिए गए शपथ पत्र में 36 करोड़ की चल अचल एवं संपत्ति का बुरा दिया गया है निशा जयसवाल की भी संपत्ति इसमें शामिल है मनीष जायसवाल कोई नई संपत्ति फिलहाल नहीं बनाए हैं। मनीष पर 43 लाख का बैंक लोन है वहीं 35 लख रुपए की सरकार की देनदारी है, मनीष जायसवाल के नाम पर सदर थाना एवं कटकमदाग थाना में दो प्राथमिक दर्ज है, उनके व्यवसाय उनके परिवार के सदस्यों के नाम से भी चलता है जिनमें सभी की सहभागिता पूरी है मनीष जायसवाल के नाम पर एक फॉर्च्यूनर कार है वहीं कोलकाता में एक बंगला है वहीं उनकी धर्मपत्नी के नाम पर दो सिटी राइड बसे हैं जो स्कूल के लिए काम आती है। मनीष जायसवाल दो बार सदर विधायक बने हैं परंतु उनके संपत्ति में कोई इजाफा नहीं हुआ है। दूसरी बार विधानसभा के चुनाव में उन्होंने करीब 27 करोड़ की चल अचल संपत्ति का ब्यूरा प्रस्तुत किया था। मनीष जायसवाल के संयुक्त परिवार में 310 ग्राम सोने एवं 40 किलो चांदी के अलावा खुद के पास 27 लख रुपए के गहने जेवर एवं सोने के सिक्के शामिल है। मनीष जायसवाल के नाम से कदम खिरगांव सिरसी में जमीन है एवं मनीष जायसवाल संत कोलंबा कॉलेज से बी ए स्नातक की पढ़ाई किए हैं।

रिपोर्ट रितेश खंडेलवाल की






## सर्राफा बाजार

| | |
|---|---|
| सोना(बिक्री) | 66800.00 |
| चांदी(किलो) | 83000.00 |






# भैसुर पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, परिवार दहशत में

## मामला दर्ज होने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर



**कटकमसांडी (आवाज )।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रेबर पंचायत में एक महिला आरा खातून पति मिन्हाज खान ने अपने ही बड़े भैसुर पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित महिला ने आवेदन में लिखित शिकायत में बताया है कि चना की झंगरी कबाड़ कर खाने के लिए ला रहे थी । उसी क्रम में भैसुर अकबर खान छीटा कस्सी करते हुऐ भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा साथ ही साथ मारपीट पर उतारू हो गया और धमकी भी दिया कि तुमको समाज में रहने लायक नही छोड़ेंगे। मैं अकेली थी डर गई चुपचाप घर चली गई। पुनः उसी रात तीन बजे सुबह में शौचालय के लिए बाहर निकली और शौच करके वापस आई तो घात लगाए मेरा भैसुर मेरे जबरदस्ती घर में घुसकर मुंह बंद कर दिया और मुझे जबरदस्ती जमीन पर पटक कर बलात्कार करने लगा तभी मैं जोर से चिल्लाने लगी मेरी बेटी दूसरे कमरे से बाहर निकली छुड़ाने का प्रयास की तो उसे भी थप्पड़ मारा मेरी बेटी जमीन पर दूसरे जगह गिर गई । बाद में अकबर खान भाग गया। वही अकबर खान ने जाते जाते धमकी भी दिया कि दोनो मां बेटी घर से बाहर निकलो वरना यही पर काट कर खेत में डाल देंगे। पीड़ित महिला ने अपने पति मिन्हाज खान को फोन किया और बीती घटना की सारी बात बताई। पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक कार्यलय में भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पति मनीष जायसवाल के पक्ष में प्रचार में उतरी निशा जायसवाल, बहन लूना और देवरानी ट्विंकल ने भी झोंकी ताकत

## दुसरे दिन विष्णुगढ़ प्रखंड का किया दौरा, नुक्कड़ के साथ मतदाताओं से जुड़कर कमल फूल छाप में वोट देने का कर रहीं हैं अपील



**हजारीबाग(आवाज)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार रहती है उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल मैदान में हैं। निशा जायसवाल ने गुरुवार को बरही और चौपारण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तो दूसरे दिन शुक्रवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाई और मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने का अपील किया। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कशेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतदाताओं से संपर्क साधा । उनके साथ विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सत्यभामा जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी और विष्णुगढ़ पश्चिम की मंडल अध्यक्ष अंजू देवी सहित निशा जायसवाल की सहेली रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य शामिल रही ।

# स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा मे हुई त्रुटि को सुधार कर एक सप्ताह मे प्रकाशित होगा रिजल्ट



**हजारीबाग(आवाज)।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक महोदय से प्रतिनिधि मंडल मिला और महत्वपूर्ण शैक्षिक विषयों पर वार्ता की। विदित हो कि विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा ली गई थी,जिसका परीक्षा परिणाम कुछ दिन पूर्व प्रकाशित किया गया। जिसमें कई प्रकार की त्रुटियां पाई गई। 200 से अधिक छात्र-छात्राएं जो केमिस्ट्री प्रैक्टीकल परीक्षा में उपस्थित थे उन्हें अनुपस्थित कर दिया गया ।साथ ही ऐसे सैकड़ो छात्र-छात्राएं हैं जो एक या दो नंबर से अनुत्तीर्ण घोषित कर दिए गए ।अर्थशास्त्र विषय के छात्रों का भी समस्या को लेकर परीक्षा नियंत्रक महोदय से वार्ता हुई। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ही वैसे छात्र-छात्राएं जो केमिस्ट्री प्रैक्टीकल परीक्षा में शामिल तो हुए थे परंतु अनुपस्थित दिखाए जाने के कारण अनुत्तीर्ण हो गए हैं, उनके परीक्षा परिणाम में सुधार किया जाएगा ।साथ ही वैसे छात्र-छात्राएं जो एक या दो नंबर से फेल हो गए हैं वो चाहे तो स्क्रुटनी करवा सकते है । इकोनॉमिक्स विषय में जो छात्र फेल है उनका विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग समिति बैठक के माध्यम से निर्णय लेगी कि इस पर क्या किया जाए या री एग्जाम लिया जाए तो कब लिया जाए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि समय पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो छात्र संघ आंदोलन के लिए विवश होगा। मौके पर लवकुश पाण्डेय,आदर्श आनंद, गुलाम सरवर,राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# कटकमसांडी पुलिस ने किया चोरी की घटना का उद्भेदन



**कटकमसांडी( आवाज )।** कटकमसांडी - मिड डे मिल का राशन और सामान चोरी मामले में पुलिस ने उद्वेदन कर दिया है। इसमें चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कुरहगद्दा और आराभुसाई स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें गैस सिलेंडर मिड डे मील का चावल तथा अन्य सामान की कर की चोरी कर ली गई थी। जिसे लेकर कटकमसांडी थाना में मामला दर्ज किया गया था। आए दिन कटकमसांडी पदमा थाना क्षेत्र के कम भारती लाखों में चोरी की घटना में वृद्धि को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने चोरी कांडों का उद्वेदन के लिए पुलिस मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान करते हुए सूचना के आधार पर छापामारी किया। जिसमें अंतर जिला चोर गिरोह का उद्वेदन किया गया जिसमें अभियुक्त तुषार ठाकुर सरैयाडीह विकास मेहता दोनाई खुर्द लक्ष्मण मेहता सुरैया डीह और रतन कुमार पदमा थाना को गिरफ्तार कर न्यायिक रियासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार चोरों के पास 10 पीस गैस सिलेंडर, 6 पीस गैस चूल्हा, 5 बड़ा डेग, तीन छोटा डैग, कड़ाही, दो झांझरा, पांच ढक्कन दो छलनी, एक गमला, दो बाल्टी दो बैटरी ,दो इनवर्टर, ओमनी वैन बरामद किया गया। छापामारी दल कटकमसांडी थाना प्रभारी देवदत्त कुमार सिंह पदम थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह कटकमसानी थाना के विराज कुजूर पदमा के आलोक कुमार अनिल राम सहित कटकमसांडी और पदमा थाना के पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## बिजली संकट जारी, उपभोक्ता परेशान

**हजारीबाग(आवाज)।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली संकट जारी है। बिजली संकट के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की है।

# पत्थर खदान में मृत मजदूर का शव 10 घंटे निकला बाहर

## घटना के समय खदान में काम कर रहे थे चार मजदूर



**हजारीबाग(आवाज)।** चौपारण के ढाब सलोनियां में संचालित अवैध खदान चाल धंस जाने के कारण गुरुवार को एक दैनिक मजदूर की मौत हो गयी। उनके साथ खदान में काम कर रहे तीन मजदूर बाल बाल बच गए। वहीं घटना को देख मौके पर खदान संचालन ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान जयप्रकाश सिंह उर्फ छोटन सिंह 53 पिता रामाधीन सिंह ग्राम नजीरगंज, इटखोरी के रूप में हुई है। सूचना के बाद बडी संख्या में मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे गए और मृतक के आश्रित को मुआवजा एवं अवैध खदान संचालकों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे सीओ संजय यादव व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे व मामले को शांत कराया। 10 घण्टे बाद खदान से निकाला जा सका शव - घटना सुबह करीबन 8 बजे की है। 10 घंटे के बाद बड़ी मशक्कत के बाद पोप्लेंन मशीन के सहयोग से तक मृतक का शव को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आई । मृतक के साथ काम कर रहे रंजीत सिंह ने बताया कि मृतक प्रकाश सिंह पिछले छह माह से इस खदान में मजदूर का काम कर रहा था। मैं दो दिन पहले ही इस खदान काम करने आया था। चारो खदान में काम कर ही रहे थे कि अचानक ऊपर से मिट्टी गिरा और प्रकाश उसके नीचे दब गया और हमलोग बाल बाल बच गए।

# रांची एयरपोर्ट से हजारीबाग लाए जा रहे लगभग पांच करोड़ के जेवरात जब्त

## सात पेटियों में भरे थे जेवर, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जांच में जुटा




**हजारीबाग(आवाज)।** रांची एयरपोर्ट से हजारीबाग लाया जा रहा करीब पांच करोड़ रुपए के सोने चांदी के जेवरात को मांडू पुलिस ने जब्त कर लिया है। मांडू पुलिस की सूचना पर हरकत में आते हुए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने मांडू थाने पहुंचकर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। यह जब्ती रांची हजारीबाग हाईवे पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में वाहनों की जांच के दौरान देर रात हुई। जब्त सोने चांदी के जेवरात सात पेटियों में रखे गए थे तथा एक वाहन में लोड कर हजारीबाग लाया जा रहा था। इस बारे में अधिकृत तौर पर अभी तक कोई बयान पुलिस या प्रशासन या इनकमटैक्स विभाग की ओर से जारी नही किया गया है। जानकारी के अनुसार हाईवे पर मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और सहायक अवर निरीक्षक निशिकांत शर्मा वाहनों की देर रात जांच कर रहे थे, इसी दौरान रांची की ओर से आ रही होंडा कार को रोककर उसकी जांच की गई।जांच के दौरान ही टीम को गाड़ी में सात पेटियां मिली जिसे खोलकर देखने पर उसमे सोने चांदी के जेवरात मिले। सूचना मिलते ही एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद भी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ के दौरान वाहन पर सवार गार्ड आलोक सिंह ने बताया की ये जेवर उन्होंने रांची एयरपोर्ट पर रिसीव किया था। जेवर से भरी पेटियों को हजारीबाग ले जाया जा रहा था। इन जेवरो की सप्लाई हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में करना था। गाड़ी में उनके अलावा ड्राइवर सुमन और स्कॉटर बिरेंद्र थे। मामले को ले संपर्क करने पर रामगढ़ के डीसी चंदन कुमार ने बताया कि जेवर मिलने के मामले की आयकर विभाग के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में सुरक्षित रखा गया है। जांच पूरी होने के बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है। मालूम हो की लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस राज्य भर में सड़कों पर वाहनों की जांच कर रही है।

# विद्या मंदिर में कन्या, किशोर व तरुण भारती के गठन को लेकर मतदान



**हजारीबाग(आवाज)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के पदाधिकारी के निर्वाचन हेतु भैया - बहनों ने मतदान किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया जा रहा है। उन्होंने भैया-बहनों को मत एवं मतदान के बारे में विस्तार से बताया। लोकतंत्र में मत का क्या महत्व है उन्होंने भैया- बहनों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन अध्यक्ष, सेनापति सहित विभिन्न विभागों के दायित्व निर्वाहन हेतु प्रत्याशी के रूप में अपना नाम दर्ज कराया एवं विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने अपने-अपने मत प्रत्याशियों के लिए डाल कर मतदान किया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन, पूनम सिंह, आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबर**

### भद्रकाली महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन

**इटखोरी (आवाज):** भद्रकाली महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 1एवम 2 के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि मजदूरों को सम्मान देने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए दुनिया भर में प्रतिवर्ष 1मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका काफी लंबा इतिहास रहा है जिसमें मजदूरों को पूंजीपतियों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए समय समय पर दुनिया के अलग अलग देशों में किए गए आंदोलनों की कहानी है। किसी देश के विकास में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रो0 ललित मोहन चौधरी ने कहा कि मजदूर दिवस की शुरूआत 1886 ईस्वी से न्यूयार्क से की गई जबकि भारत में चेन्नई से 1923 से इसका प्रारंभ हुआ। वामपंथी पार्टियों ने मजदूरों के हितों में कार्य करने के लिए औद्योगिक प्रबंधकों तथा सरकारों को मजबूर किया। कार्ल मार्क्स ने मजदूरों को संगठित होने के लिए दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा दिया। मजदूर ही किसी राष्ट्र के नवनिर्माण और विकास के रीढ़ होते हैं। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं एवम छात्र छात्राओं ने भी संबोधित करते हुए मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम प्रभारी प्रो0 संदीप कुमार ने की।

### डीसी ने टंडवा में मतदाताओं को किया जागरूक



**चतरा (आवाज):** एनटीपीसी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त रमेश घोलप ने 20 मयी को लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत वोटिंग करने को लेकर मतदाताओ को शपथ दिलायी। इस दौरान एनटीपीसी परिसर के उडान मैदान मे डीसी के आने पर परियोजना प्रमुख एस के पांडा, अजय शुक्ला ने उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया, जिसके बाद दीप प्रजवल्लित किया गया। गुरुवार को आयोजित समारोह मे वोट की प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।जिसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया,वही मोटरसाइकल रैली निकालकर लोगो के बीच जागरूकता फैलाया गया। इस मौके पर डीडीसी पवन कुमार मंडल, एसी अरबिंद कुमार ,डीएलओ वैभव कुमार सिंह, लेबर इंस्पेक्टर अनिल कुमार , डीएसओ तुसार राय, सीओ विजय कुमार, बीडीओ देवलाल उरांव, समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

### हनी कुमार गुप्ता बनाए गए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला सचिव



**चतरा (आवाज) :** जिला अध्यक्ष आलोक कुमार के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए हनी कुमार को बनाया गया चतरा जिला का जिला सचिव हनी कुमार गुप्ता चतरा में परिचय के मोहताज नहीं है ये समाजसेवी एवं संघर्षील नेता के रूप में जाने जाते हैं ईनके द्वारा कई बार गरीबो के हक अधिकार के लिये लड़ाई लड़ने का काम किए हैं विभिन्न संगठनों में भी उन्होंने जिला से लेकर प्रदेश तक का निर्वहन किया है आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला सचिव के रूप में ये सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। संगठन के लोगों को हनी कुमार गुप्ता जी से काफी उम्मीद है कि यह संगठन हित में कार्य करेंगे एवं गरीबों को इंसाफ दिलाने के लिए संघर्षशील रहेंगे संगठन के तमाम लोगों के द्वारा संगठन में हनी जी का हार्दिक स्वागत है एवं माता भद्रकाली से संगठन के तमाम लोगों के द्वारा ईनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाती है। एवं ईनसे उम्मीद किया जाता है कि संगठन हित में कार्य करेंगे।

**सीआरपीएफ और जिला बल पुलिस ने संयुक्त रूप से की छापेमारी**

# प्रतापपुर के कुशमाहा जंगल से एक दर्जन आईईडी बरामद, मौके पर किया गया नस्ट



**चतरा (आवाज):** पुलिस अधीक्षक चतरा विकास कुमार पाण्डेय एवं सीआरपीएफ के जिला कंपनी कमांडेन्ट मनोज कुमार के निर्देश पर एवं सहायक कमांडेंट मनीष कुमार के नेतृत्व में चलाया गया सर्च ऑपरेशन में सीआरपीएफ एवं जिला बल के पुलिस को मिली बड़ी सफलता एक दर्जन से अधिक आईईडी बम बरामद किया गया है। हालांकि बम निरोधक दस्ते के द्वारा मौके पर ही सभी आईईडी को ब्लास्ट कर दिया गया है। इस संबंध में सहायक कमांडेंट मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा विकास कुमार पाण्डेय एवं सीआरपीएफ के 190 बटालियन के जिला कंपनी कमांडेन्ट मनोज कुमार के निर्देश पर एवं हमारे नेतृत्व में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कुशमहा जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि लोकसभा चुनाव में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को भारी छती पहुंचाने के गलत मनसुबों से काफी मात्रा में आईईडी बम छिपा कर रखा गया है इसी सूचना पर सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुशमाहा जंगल में सर्च ऑपरेशन चला कर एक दर्जन से अधिक आईईडी बम बरामद किया गया है जिसका बजन लगभग एक बम ढेढ - ढेढ किलो का होगा सभी को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते के द्वारा ब्लास्ट, नस्ट कर दिया गया है। मनीष कुमार ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध अभी आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। अभी भी क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### चतरा जिले वासियो के लिए मुफ्त सेवा और सहयोग के लिए एंबुलेंस जनसेवा में समर्पित

**चतरा (आवाज):** जिलेवासियो के लिए लगातार सहयोग में अग्रसर रहने और हमेशा जरूरतमंद के प्रति हर सम्भव मदद करने में आगे रहने वाले चतरा जिले के लक्ष्मण गिरी पेशे से सेकंड हैंड गाड़ियों के विक्रेता है।इनका सेकेंड हैंड कार शोरूम (राजलक्ष्मी )चतरा के हेरुआ डैम के पास है।ये चतरा जिलेवासियों के प्रति समर्पण के भाव से एम्बुलेंस जनसेवा में समर्पित किया है और कहाँ की आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस की कमी हो जाती है और गरीब असहाय लोग जो इलाज के लिए आते है एम्बुलेंस की अभाव में डॉक्टर के रेफर करने के बाद भी बाहर नही ले जाते पाते है चूंकि सदर में एम्बुलेंस की संख्या कम होने की वजह से सही वक्त पे एम्बुलेंस उपलब्ध नही हो पाता है।ऐसे में ये जो एम्बुलेन्स जनसेवा में दी गयी है वो बिल्कुल ही मुफ्त है और ये विकट परिस्थितियों में कारगर साबित होगा और गरीब और असहाय लोग भी बेहतर इलाज के लिए बाहर जा सकेंगे।जिनको भी आवश्यकता पड़े वो एम्बुलेंस में छपे नंबर पे कॉल कर संपर्क कर सकते है।

# कान्हाचट्टी अंचल क्षेत्र में कब तक गैरमजरूवा जमीन का होता रहेगा चीर हरण



**कान्हाचट्टी(आवाज) :** चतरा जिले के एक ऐसा अंचल जहाँ पर सैकड़ो एकड़ जमीन पर जमीन माफियाओं का कब्जा है। कब्जा ही नहीं जमीन की खरीद फरोख्त भी धड़ल्ले से जारी है भले ही कर्तमान समय मे झारखण्ड सरकार गैरमजरूवा भूमि को निबंधन कराने पर रोक लगाई है लेकिन फिर भी गैरमजरूवा भूमि की एग्रीमेंट कर के खरीद बिक्री की जा रही है और जम कर घर मकान बनाए जा रहे हैं। जिस जमीन को कमिश्नर हजारीबाग ने रदद् की है जिस जमीन को उपायुक्त रदद् करने की आदेश दिया है उस जमीन पर धड़ल्ले से घर मकान और बाउंडरी का कार्य चल रहा है। लेकिन सरकारी जमीन को बचाने वाला कोई नहीं है।बताते चलें कि ढेबरो गांव के खाता नम्बर 15 प्लॉट नम्बर 02 एवं 137 कुल रकवा 33 एकड़ जमीन की जमाबन्दी चार पांच वर्ष पूर्व कमिश्नर हजारीबाग ने रदद् कर दी है।घर मकान बनाने पर रोक लगाया गया था ठीक उसी जमीन पर घर मकान और बाउंडरी भी बन कर तैयार हो गया है।ढेबरो के उक्त खाते प्लॉट की जमीन और बनाए जा रहे बाउंडरी को पहले जो सी ओ थे रोक लगा रखे थे, लेकिन वर्तमान ने रोकने की जरूरत भी नहीं समझे।उक्त जमीन पर आदेश क्व बाद भी कई घर मकान बन गया है।बताते चलें कि इसी जमीन पर बिजली विभाग का पावर सबस्टेशन भी बना है जिससे पूरे प्रखंड को बिजली की आपूर्ति भी यही से होती है।फिर भी बिजली पॉवर सबस्टेशन वाली जमीन पर भी माफियाओ का कब्जा किये हुए हैं। इधर हेसापारम के खाता 20 के लगभग दर्जनो प्लॉट जिनका रकवा लगभग 205 एकड़ गैरमजरूवा और फारेस्ट की जमीन है।जिस पर फारेस्ट विभाग लगभग 80 एकड़ जमीन पर पेंड पौधा लगा रखी है।शेष जमीन पर आज भी दबंगो और माफियाओं का कब्जा है।और इतना ही नहीं उक्त जमीन की खरीद बिक्री एग्रीमेंट के माध्यम से बेधड़क हो रहा है।घर मकान और बाउंडरी का भी कार्य जोरो पर है।और आखिर हो भी क्यों नही चुकी सब जानते हैं कि अंचल में चढावा दीजिए और कैसा भी गैरमजरूवा जमीन हो तुरन्त घर मकान बनाए,घर मकान बनाने के बाद कुछ होना जाना भी नहीं है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अंचल को गैरमजरूवा भूमि पर बनाए जा रहे घर मकान और बाउंडरी रोकने के लिए अंचल से गुहार लगाई लेकिन अंचल के रोकने के बाद भी निर्माण कार्य तो कहीं सीमेंट का खुटा गाड़ कर बाउंडरी तो कहीं ईंटा का किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहां की हेसापारम के खाता 20 में ही फारेस्ट विभाग जब लगभग 80 एकड़ पर जंगल लगा दिया तो फिर बाकी जमीन रैयती कैसे हो सकता है।लोगो के समझ मे नहीं आ रहा है कि अंचल के रोक के बाद यदि घर बन रहा है तो चाहें अंचल के आदेश का धत्ता बताया जा रहा है या फिर अंचल को सेटिंग कर के ही घर मकान और खुटा डंडा किया जा रहा है।

### प्रधानाध्यापकों के साथ बीडीओ ने की बैठक मतदाता जागरूक करने का दिया निर्देश



**मयूरहंड (आवाज)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में एक विशेष बैठक किया गया। इसमें प्रखंड के स्कूल के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। उपस्थित लोगों को बीडीओ मनीष कुमार ने मतदाता को जागरूक करने का कई गुर सिखाए। कई दिशा निर्देश देते हुए कहा की मयूरहंड के सभी बूथों को व्यवस्थित करना है। इस बार अधिक प्रतिशत मतदान पर बल दिया। देश में 2019 में जो चुनाव हुवा था उसमे मयूरहंड के 57 में 49 बूथ में लो बोटिंग हुआ था। जिसे इस बार किसी भी कीमत पर बढ़ाना है। नैतिक मतदान करने पर विशेष प्रचार प्रसार करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि 7 मई को प्रखंड के सभी मतदान केंद्र के आस पास बैठक कर लोगों को जागरूक करें। बैठक में किसी पार्टी का पोस्ट होल्डर न हो। 7 तारीख को 6 से 8 बजे शाम में ट्वीट करना है। इसमें मैं भी इलेक्शन एंबेसडर लिखकर पोस्ट करना है। साथ ही बंद स्कूल में शिक्षक को मतदाता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करने को कहा। रविवार को छूटी नही रहने के बात कहते हुए कहा कि छूटी के दिन भी चुनाव का एक्टिवीटी करना है। सारे बच्चे अपने माता पिता के पास पत्र लिखेंगे कि आप वोट करें। उसने मतदान का महत्व, ज्यादा मतदान करने को प्रेरित करें। महिलाओं से हर सहेली वोट करेगी का नारा लगवाया जायगा। हर स्कूल के एसएमसी के लोग चुनाव के दिन तत्पर रहेंगे। बीएलओ और चार वोलेंटियर्स तैनात रहेंगे। स्कूल परिसर और शौचालय में रौशनी की व्यवस्था करें। अपने काम में लापरवाही पर बीडीओ ने पारसी स्कूल के एसएमसी को आज बर्खास्त करने को कहा। नए एसएमसी का गठन कर काम लिया जाएगा।

### संघरी घाटी में लोहा के पाइप लदा ट्रक पलटा, लगी भीषण आग, आवागमन बाधित



**चतरा (आवाज)।** चतरा-गया मुख्य पथ स्थित संघरी घाटी में लोहा का पाइप लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. पलटने के बाद ट्रक में भीषण आग लग गई. धूं धूं कर ट्रक जलता रहा. वही चालक व उप चालक ने बाल बाल बच गए. ट्रक में आग लगने से आवागमन बाधित हो गया. राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस व दमकल वाहन को दिया हैं।

### जिला टॉपर पारुल ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव : रंजय भारती



- **कोनी मुखिया रंजय ने किया जिला टॉप छात्रा पारुल को सम्मानित**

**इटखोरी (आवाज):** कोनी पँचायत के बनथु गांव की मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाली सामीक प्रजापति की पुत्री इंटर कला में जिला में प्रथम स्थान लाने वाली व राज्य स्तर पर 11 वां स्थान लाने वाली पारुल को कोनी पँचायत के मुखिया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती नें पारुल के घर बनथु पहुँच कर पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया । इस मौके पर आशीष चंद्रवंशी राजा सिंह टॉपर की माता पिता व दादा भी उपस्थित थे । इस मौके पर मुखिया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती नें कहा कि हमारी आम धारणा होती है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का निम्न स्तर होता जोकि निराधार है। जबकि जिला टॉपर पारुल व अन्य छात्राओं के परीक्षा परिणाम से सिद्ध होता है कि बच्चे पढ़ाई में रूचि रखते हों तो सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक के मार्गदर्शन में अच्छे अंक लेकर परीक्षा में जिला व झारखंड टॉप होते हैं। इस मौके पर मुखिया रंजय ने पारुल को आगे बढ़ने व क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के लिए खूब सराहना किया । पारुल ने कहा कि आगे का लक्ष्य आईएस बनना है ।

**जी.एस. महाविद्यालय पितिज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

# 12वीं साइंस आर्ट्स कॉमर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित






**इटखोरी (आवाज):** जी.एस. महाविद्यालय पितिज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आयोजन के मुख्य अतिथि प्रखंड के प्रमुख प्रिया कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत के मुखिया रामदेव यादव उपस्थित थे। इस मौके पर निदेशक सूर्यदेव कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12वीं आर्ट्स ,साइंस ,कॉमर्स में महाविद्यालय के 100 फीसदी बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफल हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत के मुखिया श्री रामदेव यादव जी ने स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन करके किया और बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया शिक्षा से बड़ा दूसरा कोई हथियार नहीं है। वही इटखोरी प्रखंड के प्रमुख श्रीमती प्रिया देवी जी ने बताया कि बच्चों को लगन के साथ पढ़ना चाहिए और देशगढ़ने में सहयोग करना चाहिए उन्होंने नारी शिक्षा पर जोड़ देते हुए बताया कि जब बेटी शिक्षा प्राप्त करती है तो दो परिवारों को संभालती है और स्वयं सब कुछ कर सकती है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भारत के सर्वोच्च शिखर पर आज भी महिलाएं आसीन है । कार्यक्रम में प्रमुख प्रिया कम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायत में स्मार्ट बोर्ड का लगा नई तकनीक को बढ़ावा देना है और इसकी पहल महाविद्यालय ने की है ,आने वाले समय में यहां के विद्यार्थी जिला व राज्य टॉप करते रहेंगे। चतरा से आए राज्य स्तरीय राइफल शूटर प्रफुल्ल कुमार पांडे ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल के महत्व को भी आज के दौर में बच्चों को समझना होगा खेल न सिर्फ केवल शारीरिक विकास में बढ़ावा देता है बल्कि करियर नई ऊंचाई उड़ान भरने में मदद करती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया जिनमें प्रमुख नाम सोनी कुमारी ,अंजली कुमारी ,करिश्मा कुमारी, उषा कुमारी ,प्रियंका कुमारी, बबीता कुमारी, सुधा कुमारी, अंजू कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी, मौसम कुमारी ,करिश्मा कुमारी ,रूपा कुमारी ,नाजरीन निखत, जितेंद्र कुमार पासवान, दीपक कुमार पासवान ,सुमित कुमार, उपेंद्र कुमार ,ओम प्रकाश कुमार गुप्ता आदि बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिसमें विकास कुमार ,रवि कुमार ,मनोज कुमार ,खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी ,सपना कुमारी ,श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया।

समारोह के समापन में संस्था के निदेशक सूर्यदेव कुमार ने बताया बच्चे महाविद्यालय में आकर पढ़ें ,लोग विश्वास करें ,बच्चे गांव से भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करके बेहतर अंक लायेगे .ना ही सिर्फ बेहतर अंक लायेगे बल्कि अपने करियर में बेहतर उड़ान भर सकेंगे। बच्चे यहां से ही इंटर, ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर सकेंगे साथ ही साथ कंपटीशन का भी तैयारी कर सकेंगे ।जेपीएससी, बीपीएससी ,यूपीएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं को भी क्रैक कर सकें।

**टंडवा एनटीपीसी के उडान खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन**

# बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, सेल्फी, हस्ताक्षर अभियान समेत हुए अन्य कार्यक्रम

- **कार्यक्रम से श्रमिकों में दिखा उत्साह**
- **गुब्बारा उड़ाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक**
- **मतदाताओं को 20 मई को वोट करने के लिए किया प्रेरित**






**चतरा (आवाज):** श्रमिक मजदूरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर टंडवा एनटीपीसी के उडान खेल परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर श्रमिकों को जागरूक किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा हर एक व्यक्ति का वोट का महत्व है सभी को लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान करना चाहिए। उन्होंने श्रमिको व उपस्थित परियोजना के पदाधिकारी एवं उपस्थित जिले के पदाधिकारी को मतदाता शपथ दिलाया। उन्होंने श्रमिको को कहा 20 मई को अपने मत का प्रयोग आवश्यक करें। सभी श्रमिको में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत सभी अधिकारी ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर श्रमिकों के साथ मैं करूंगा मतदान बोर्ड पर हस्ताक्षर किया। तत्पश्चात सभी ने सेल्फी प्वाइंट पहुंच फोटो भी खिंचवाया। वहीं कार्यक्रम स्थल से ही अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाइक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। लगभग सैकड़ों की संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान गुब्बारा उड़ाकर भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, टंडवा एनटीपीसी के पदाधिकारी कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

